प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- पैंशन एरियर को लेकर राज्य सरकार का बड़ा फैसला– तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को बचे हुए पूरे पैंशन एरियर का होगा सौ फीसदी भुगतान।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– राज्य सरकार ने कर्मचारियों को ओपीएस की बहाल– हर वायदा चरणबद्ध ढंग से होगा पूरा।
- देश में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंक रविवार 27 सितम्बर को रहेंगे खुले।
- राज्य सरकार ने हमीरपुर ज़िले के धनेटा में आयुर्वेद कॉलेज व एम्स स्तर का संस्थान खोलने का लिया निर्णय।
- घेपन ग्लेशियर झील के बढ़ते जल स्तर को लेकर लाहौल स्पीति ज़िला प्रशासन सतर्क– उपायुक्त ने लिया स्थिति का जायज़ा।

एरियर भुगतान

राज्य सरकार ने पहली जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के पैंशन एरियर को लेकर आज बड़ा फैसला लिया है। नए आदेश के अनुसार तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को बचे हुए पूरे पैंशन एरियर का सौ फीसदी भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा प्रथम और द्वितीय श्रेणी कर्मचारियों को कुल एरियर का अतिरिक्त 15 फीसदी दिया जाएगा, जो पहले मिले एरियर के अलावा होगा। ये एरियर इस महीने की पैंशन के साथ दिया जाएगा जो अगले महीने खाते में आएगी। आज जारी आदेश के अनुसार यदि किसी पैंशनर को ज्यादा भुगतान हुआ है तो वो एरियर से एडजस्ट किया जाएगा। इसके अलावा हाल ही में 21 सितम्बर को जारी किए गए आदेश को रद्द माना जाएगा।

मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार लोगों के साथ किए गए हर वायदे को चरणबद्ध ढंग से पूरा कर रही है और प्रदेशहित से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से उठाया जा रहा है। उन्होंने आज सिरमौर ज़िले में रेणुका क्षेत्र के माईना में एक कार्यक्रम में बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में कर्मचारियों को पुरानी पैंशन योजना बहाल करने का वायदा पूरा किया है। अग्निहोत्री ने बताया कि राज्य परिवहन निगम के लगभग 11 हज़ार कर्मचारियों को भी पुरानी पैंशन योजना के दायरे में लाया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल और प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सहित अनेक मंत्री भी मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनसेवा में 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। उनकी यात्रा जन सेवा से देश सेवा के संकल्प और निरंतर जनसेवा की भावना से प्रेरित रही है। इसी सेवा और सुशासन की सोच के साथ सरकार वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में कार्य कर रही है। इस अवसर पर हम विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहे हैं। विशेष श्रृंखला में आज हम बात करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दो अक्तूबर वर्ष 2014 में शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान के बारे में। अभियान के तहत देश में 10 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए और 6 लाख से अधिक गांवों को खुले में शौच मुक्त घोषित किया गया। अभियान का दूसरा चरण वर्ष 2021 में शुरू हुआ और इसका उद्देश्य शहरों को कचरा मुक्त बनाना है। स्वच्छ भारत अभियान से लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

यादविंद्र गोमा

आज राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस है। इस मौके पर आज शिमला में एक राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने आयुर्वेद पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ भी किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आयुर्वेद को बढ़ावा दे रही है और सरकार के प्रयासों से पिछले कुछ वर्षों से आयुर्वेद की ओर लोगों का रूझान बढ़ा है।

सोलन आयुष

सेवा ही संकल्प अभियान के तहत आयुर्वेद दिवस पर भाजपा द्वारा आज सोलन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मरीजों की आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाईयां बांटी गई। भाजपा समस्त प्रकोष्ठ संयोजक पुरूषोत्तम गुलेरिया ने बताया कि सेवा ही संकल्प अभियान के तहत पार्टी द्वारा सेवा से जुड़े विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। ——बाईट——गुलेरिया बीजेपी सोलन—30'——

बैंक अवकाश

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने बताया है कि सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रविवार 27 सितंबर को खुले रहेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि यह कदम यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस की ओर से इस महीने की 28 से 30 तारीख तक बुलाई गई तीन दिन की देशव्यापी बैंक हड़ताल को देखते हुए उठाया गया है।

आयुर्वेद—एम्स

राज्य सरकार ने हमीरपुर ज़िले के धनेटा में आयुर्वेद कॉलेज व एम्स स्तर का उत्कृष्ट संस्थान स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने आज हमीरपुर ज़िले के लंबलू में आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित चिकित्सा शिविर के शुभारंभ अवसर पर ये जानकारी दी। बिट्टू ने कहा कि भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद और योग हमें जिंदगी भर पूर्ण रूप से स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कई सराहनीय निर्णय लिए हैं। सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जोल सप्पड़ में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज के नए कैंपस में नर्सिंग कालेज और डेंटल कॉलेज के साथ अलाइड हेल्थ सर्विसेज कॉलेज का भी प्रावधान किया है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज में ही कैंसर केयर संस्थान, एक अलग मातृ—शिशु अस्पताल और क्रिटिकल केयर यूनिट भी स्थापित की जाएगी। बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमीरपुर के लिए प्रदेश का सबसे बड़ा बस अड्डा, नगर निगम, सिटी सेंटर और कई बड़ी परियोजनाएं स्वीकृत की हैं जिससे हमीरपुर को एक नई पहचान मिल रही है।

घेपन झील

लाहौल स्पीति ज़िले में घेपन ग्लेशियर झील के बढ़ते जल स्तर व संभावित जोखिम को लेकर ज़िला प्रशासन सतर्क हो गया है। उपायुक्त किरण भड़ाना ने आज 14 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर घेपन झील में स्थिति का जायजा लिया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल स्पिति ज़िला संवाददाता

पीसीबी

राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव सुशील कुमार सिंगला ने कहा है कि ठोस कचरा प्रबंधन अब समाज के हर नागरिक का संवैधानिक कर्तव्य है। उन्होंने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में बताया कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष पहली अप्रैल से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम—2026 लागू किए हैं। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद देश में नए नियमों को लेकर जागरूकता

अभियान तेज हो गया है। सिंगला ने कहा है कि नदियों को बचाने के लिए नालों पर जाली और ट्रैश बैरियर लगाना अनिवार्य होगा।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- पैंशन एरियर को लेकर राज्य सरकार का बड़ा फैसला– तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को बचे हुए पूरे पैंशन एरियर का होगा सौ फीसदी भुगतान।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– राज्य सरकार ने कर्मचारियों को ओपीएस की बहाल– हर वायदा चरणबद्ध ढंग से होगा पूरा।
- देश में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंक रविवार 27 सितम्बर को रहेंगे खुले।
- राज्य सरकार ने हमीरपुर ज़िले के धनेटा में आयुर्वेद कॉलेज व एम्स स्तर का संस्थान खोलने का लिया निर्णय।
- घेपन ग्लेशियर झील के बढ़ते जल स्तर को लेकर लाहौल स्पीति ज़िला प्रशासन सतर्क– उपायुक्त ने लिया स्थिति का जायज़ा।